भारत सरकार
विधि और न्याय मंत्रालय
विधि कार्य विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 4054
जिसका उत्तर बुधवार, 17 जुलाई, 2019 को दिया जाना है

**एकीकृत विधिक प्रभाग**

**4054. डॉ. हिना विजयकुमार गावीत :**
**डॉ. सुभाष रामराव भामरे :**
**श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले :**
**श्री कुलदीप राय शर्मा :**
**श्री सुनील दत्तात्रेय तटकरे :**
**श्री मोहनभाई कल्याणजी भाई कुंदरिया :**
**डॉ. अमोल रामसिंह कोल्हे :**

क्या **विधि और न्याय** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :
(क) क्या सरकार ने एकीकृत विधिक प्रभाग (आईएलडी) के गठन की योजना बनाई है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं ;
(ग) क्या यह कदम लंबित मामलों की संख्या में कमी लाएगा और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं ; (घ) आईएलडी के कार्यान्वयन में सरकार को किन-किन चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है और इसके लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं ; और
(ङ) क्या सरकार यह बताएगी कि क्या उक्त तंत्र को राज्य स्तर पर भी स्थापित किया जाएगा और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

**उत्तर**

**विधि और न्याय, संचार तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री (श्री रविशंकर प्रसाद)**

**(क) से (ङ) :** केन्द्रीय सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों में एकीकृत विधिक प्रभाग (आईएलडी) की स्थापना करने के लिए एक प्रस्ताव तैयार किया गया है जो इन मंत्रालयों/विभागों के सुसंगत मुद्दो पर विधिक सलाह प्रदान करेगा। यह प्रस्ताव, वर्तमान में, विचाराधीन है।

******************